
TEACHERS OF BIHAR

# दैनिक ज्ञानकोश

सीखें-सिखाएं, बिहार को आगे बढ़ायें




teachersofbihar@gmail.com

https://twitter.com/teachersofbihar

https://www.youtube.com/c/teachersofbihar

https://www.facebook.com/teachersofbihar

https://www.linkedin.com/company/teachersofbihar

www.teachersofbihar.org

29 जनवरी 2026

# Teachers of Bihar

The Change Makers

## आज का सुविचार

आप किसी काम में तभी सफल हो सकते हैं जब आप उस पर गर्व करें।



- नेल्सन मंडेला

*Vishwa Vijay Singh*

www.teachersofbihar.org

Teachers of Bihar
The change makers

# दिवस विशेष

29 जनवरी

मधु प्रिया

## बीटिंग द रिट्रीट 29 जनवरी



बीटिंग द रिट्रीट भारत के गणतंत्र दिवस समारोह की समाप्ति का सूचक है। इस कार्यक्रम में थल सेना, वायु सेना और नौसेना के बैंड पारंपरिक धुन के साथ मार्च करते हैं। यह सेना की बैरक वापसी का प्रतीक है। गणतंत्र दिवस के पश्चात हर वर्ष 29 जनवरी को बीटिंग द रिट्रीट कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है। समारोह का स्थल रायसीना हिल्स और बगल का चौकोर स्थल (विजय चौक) होता है जो की राजपथ के अंत में राष्ट्रपति भवन के उत्तर और दक्षिण ब्लॉक द्वारा घिरे हुए हैं। बीटिंग द रिट्रीट गणतंत्र दिवस आयोजनों का आधिकारिक रूप से समापन घोषित करता है। बीटिंग रिट्रीट सेरेमनी का गणतंत्र दिवस परेड के तीन दिन बाद आयोजन किया जाता है। इसके साथ गणतंत्र दिवस समारोह का औपचारिक समापन हो जाता है। बीटिंग रिट्रीट सेरेमनी दिल्ली के विजय चौक पर आयोजित की जाती है, जिसकी अध्यक्षता देश राष्ट्रपति करते हैं। हर वर्ष की तरह इस बार भी गणतंत्र दिवस पर परेड का आयोजन हुआ, जिसमें नए और आत्मनिर्भर भारत की झलक देखने को मिली। परेड में राज्यों की मनमोहक झाकियां भी देखी गई। इसके अलावा भारतीय जवानों को बड़े जोश के साथ कर्तव्य पथ पर मार्च करते देखा गया। गणतंत्र दिवस परेड के बाद आज 29 जनवरी को विजय चौक पर बीटिंग द रिट्रीट समारोह आयोजन किया जाएगा। बीटिंग द रिट्रीट सेरेमनी के साथ गणतंत्र दिवस समारोह का औपचारिक समापन किया जाता है। गणतंत्र दिवस के मौके पर हर साल दिल्ली सहित पूरा देश राजपथ की परेड देखता है। बीटिंग रिट्रीट समारोह शाम होने से थोड़ा पहले शुरू होता है, और जैसे ही सूरज ढलना शुरू होता है, इसका समापन झंडे उतारे जाने के साथ होता है और पूरा विजय चौक और वह सब कुछ जो आप इससे देख सकते हैं - एक तरफ राष्ट्रपति भवन, नॉर्थ और साउथ ब्लॉक और एक तरफ और दूसरी तरफ इंडिया गेट - रोशनी के साथ सैल्युट हैं। इस साल भी बीटिंग द रिट्रीट सेरेमनी 29 जनवरी को आयोजित की जा रही है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, इस साल बीटिंग द रिट्रीट सेरेमनी में भारत सबसे बड़ा ड्रोन प्रदर्शन करने जा रहा है। कहा जा रहा है कि इस साल रायसीना हिल के ऊपर आसमान में 3,500 स्वदेशी ड्रोन दिखाई देने वाले हैं। 2023 की बीटिंग द रिट्रीट सेरेमनी एक ड्रोन शो होने वाली है। इतना ही नहीं नॉर्थ ब्लॉक और साउथ ब्लॉक 3 डी एनामॉर्फिक प्रोजेक्शन स्थापित करने की भी बात कही जा रही है।

# जन्मदिन विशेष 29 जनवरी




**राज्यवर्धन सिंह राठौड़** *Rajyavardhan Singh Rathore*, जन्म- 29 जनवरी, 1970, जैसलमेर, राजस्थान) भारत के प्रसिद्ध निशानेबाज़ हैं। अगस्त 2004 में होने वाले एथेंस ओलंपिक में 17 अगस्त को एक नए खिलाड़ी ने नया कीर्तिमान स्थापित किया था, उसने आज़ाद भारत को पहला ओलंपिक रजत पदक दिलाया।




# TOB खेल कॉर्नर





## टी20 में 200+ रन सबसे ज्यादा बार चेज करने वाली टीमें

| टीम | 200+ टारगेट चेज |
|---|---|
| ऑस्ट्रेलिया | 7 |
| भारत | 6 |
| दक्षिण अफ्रीका | 4 |
| पाकिस्तान | 4 |
| इंग्लैंड | 3 |
| वेस्टइंडीज | 2 |
| न्यूजीलैंड | 1 |
| बांग्लादेश | 1 |

## भारत Vs न्यूजीलैंड टी-20 में सबसे तेज अर्धशतक

| बैटर्स | गेंदें | मैदान | साल |
|---|---|---|---|
| ईशान किशन | 21 | रायपुर | 2026 |
| अभिषेक शर्मा | 22 | नागपुर | 2026 |
| केएल राहुल | 23 | ऑकलैंड | 2020 |
| रोहित शर्मा | 23 | हैमिल्टन | 2020 |
| सूर्यकुमार यादव | 23 | रायपुर | 2026 |

# Teachers of Bihar

The Change Makers


# शिक्षा शब्दकोश

आज का शब्द **29.01.2026**


## रोल प्ले

रोल प्ले **(Role Play)** एक ऐसी गतिविधि है जिसमें लोग किसी काल्पनिक या वास्तविक स्थिति में अलग-अलग भूमिकाएँ निभाते हैं, जैसे कि डॉक्टर, ग्राहक, या कोई किरदार, ताकि दूसरों की भावनाओं को समझ सकें, समस्याओं का समाधान कर सकें और नए कौशल सीख सकें, जो शिक्षा, प्रशिक्षण और मनोरंजन में बहुत उपयोगी है. यह रचनात्मक सोच, आत्मविश्वास और सहानुभूति बढ़ाने में मदद करता है।

# रोचक तथ्य/सामान्य ज्ञान



**77वें गणतंत्र दिवस** के अवसर पर पहली बार भारतीय नौसेना की दो महिला अधिकारियों को **'शौर्य चक्र'** से सम्मानित करने की घोषणा की गई है। इन **जांबाज अधिकारियों** ने पिछले साल नाव के जरिए 25 हजार नॉटिकल मील की दूरी तय कर समुद्र के रास्ते **पृथ्वी का चक्कर** लगाने का ऐतिहासिक कीर्तिमान स्थापित किया था।


पद्य पंकज
TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS
"
कभी फूलों की तरह मत जीना,
जिस दिन खिलोने बिखर जाओगे,
जीना है तो पत्थर बनकर जियो,
किसी दिन तराशे गए तो खुदा बन जाओगे।
हरिवंशराय बच्चन
Madhu priya
www.padyapankaj.teachersofbihar.org


TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS
HAPPY
BIRTHDAY
राज्यवर्धन सिंह राठौर
29 जनवरी 1970
www.teachersofbihar.org
Madhu priya


भारतीय समाचार
पत्र दिवस
29 जनवरी
TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS
NEWS
www.teachersofbihar.org
Madhu priya


जन्मदिन विशेष
29 जनवरी 2026
Teachers of Bihar
The Change Makers
आज का सुविचार
सफलता का कोई शॉर्टकट नहीं होता। यह केवल अनुशासन, निरंतरता और कड़ी मेहनत से ही प्राप्त की जा सकती है।
राज्यवर्धन सिंह राठौड़
( प्रसिद्ध निशानेबाज )
जन्म : 29 जनवरी 1970
राकेश कुमार
www.teachersofbihar.org